Source: Rajya Sameeksha

Date: 27 Apr 2022

उत्तराखंड के लटौली गांव की अंकिता को बधाई, IIM नागपुर में हासिल किया गोल्ड मेडल

Champawat के Latauli Village की Ankita Joshi ने IIM Nagpur से प्रबंधन की पढ़ाई में gold medal हासिल कर उत्तराखंड का मान बढ़ाया है।

कोमल नेगी Apr 27 2022 1:10PM 1568 प्रेरक कहानियां प्रेरक व्यक्तित्व ankita joshi iim nagpur

64 Shares Share Tweet Share

Image: Ankita Joshi of Champawat got gold medal in IIM Nagpur (Source: Social Media)

चम्पावत: रक्षा हो, विज्ञान या फिर शिक्षा। ऐसा कोई क्षेत्र नहीं जहां पहाड़ की होनहार बेटियों ने अपनी धाक न जमाई हो। चंपावत की रहने वाली अंकिता जोशी ऐसी ही होनहार बेटियों में से एक हैं।

Ankita Joshi got gold medal in IIM Nagpur

लटौली गांव की रहने वाली अंकिता जोशी ने आईआईएम नागपुर से प्रबंधन की पढ़ाई में गोल्ड मेडल हासिल कर उत्तराखंड का मान बढ़ाया है। 23 अप्रैल को नागपुर में दीक्षा समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें अंकिता जोशी को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। अंकिता जोशी 10वीं और 12वीं की परीक्षा में भी टॉप टेन में रही थीं। नागपुर स्थित भारतीय प्रबंधन संस्थान की गिनती देश के सर्वश्रेष्ठ प्रबंधन संस्थानों में होती है। उत्तराखंड की बिटिया का यहां गोल्ड मेडल हासिल करना वाकई बड़ी उपलब्धि है। अंकिता ने कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर से इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की है। हर क्लास में टॉप करने वाली अंकिता वर्तमान में गुड़गांव की एक मल्टीनेशनल कंपनी में जॉब कर रही हैं।

पिता संजय जोशी और माता तारा जोशी बेटी की उपलब्धि से गर्वित हैं। उन्होंने कहा कि अंकिता बचपन से ही मेधावी रही हैं। वो हमेशा कुछ नया करने को लेकर उत्साहित रहती हैं। अंकिता की शानदार उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी की लहर है। घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा है। अंकिता के अलावा कुमाऊं विवि की मुख्य परीक्षा में भी होनहार बेटियों ने बाजी मारी है। परीक्षा में महिला डिग्री कॉलेज हल्द्वानी की अंजलि शर्मा, तान्या वर्मा को गोल्ड मेडल मिला। सपना पांडे को रजत पदक मिला है। प्राचार्य प्रो. शशि पुरोहित ने बताया कि सत्र 2020-2021 की मुख्य परीक्षा में विज्ञान संकाय की छात्रा अंजलि शर्मा को यूनिवर्सिटी की ओर से गौरा देवी गोल्ड मेडल प्रदान किया गया है। अंजलि को वीसी मेडल फॉर अंडर ग्रेजुएशन क्लासेज में भी गोल्ड मिला है। राज्य समीक्षा टीम की ओर से इन सभी होनहार बेटियों को शुभकामनाएं। हम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।